प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

सीबीआई की टीम ने धनबाद में कई ठिकानों पर छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पटना में प्रधान आयकर आयुक्त डॉक्टर संतोष कुमार की गिरफ्तारी के बाद यह कार्रवाई की गई है। डॉक्टर संतोष धनबाद क्षेत्र के भी प्रधान आयकर आयुक्त के प्रभार में हैं। उन पर आयकर से जुड़े मामलों में राहत दिलाने के नाम पर वित्तीय अनियमितता का आरोप है।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन इस महीने की 30 तारीख को रांची में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। श्री सोरेन ने नयी दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा से मुलाकात के बाद यह निर्णय लिया। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि झारखंड की मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आस्था व्यक्त की है।

****

चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के फैसले का प्रदेश भाजपा ने स्वागत किया है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि श्री सोरेन के पार्टी में आने से झारखंड को संवारने में मदद मिलेगी।

****

इस बीच केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने भी चंपाई सोरेन के कदम को जायज ठहराया है। उन्होंने कहा है कि श्री सोरेन को जिस तरह से अपमानित किया गया, वैसे में झामुमो में बने रहना उनके लिए उचित नहीं था।

****

इधर, चंपाई सोरेन प्रकरण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झामुमो ने कहा है कि उनका यह फैसला सही नहीं है। झामुमो के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जिन्होंने भी पार्टी का साथ छोड़ा है, उनका राजनीतिक भविष्य सुरक्षित नहीं रहा।

****

इस बीच केंद्र सरकार ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गयी है। दिल्ली से लौटते ही उन्हें जेड प्लस सुरक्षा मिल जायेगी। अब चम्पाई सोरेन की सुरक्षा में 33 जवान तैनात रहेंगे।

****

बोकारो जिले में केन्द्रीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बैंकों को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिये गये हैं।

****

रांची शहर के 20 किलोमीटर की परिधि में चलने का नियम बदलकर 4 जोन को 17 रूट में बांटने के विरोध में ऑटो और ई रिक्शा ड्राइवर आज से हड़ताल पर चले गये हैं। ऑटो और ई–रिक्शा नहीं चलने पर सुबह से ही यात्री परेशान हैं। ड्राइवरों की मांग है कि तीन किलोमीटर परमिट का परमिशन रद्द करें और 16 से 20 किलोमीटर की अनुमति प्रदान करें।

*****समाप्त********